खाटू वाले श्याम | By Rupesh Tyagi

खाटू वाले श्याम निराले करदे नैया पार
जपु मैं नाम तेरा ......

तुझसा दानी नहीं जगत में सौंप दिया सर कृष्ण को
महाभारत की जंग में देखा चलता चक्र सुदर्शन को
हे महादानी कृपा निधानी करदे तू उद्धार
जपु मैं नाम तेरा ......
खाटू वाले श्याम निराले करदे नैया पार
जपु मैं नाम तेरा ......

सात सुरो की सरगम मेरी ज्ञान की पौथी खोल रही
खाटू वाले श्याम तुम्हारी जय हो रसना बोल रही
हे सतधारी हे गिरधारी कर दे तू उपकार
जपु मैं नाम तेरा ......
खाटू वाले श्याम निराले करदे नैया पार
जपु मैं नाम तेरा ......

श्री गिरधर ने तुझको अपने श्याम नाम का दान दिया
तुझमे श्री कृष्ण दिखेंगे गोविन्द ने वरदान दिया
जग हितकारी पालनहारी देदो खुशी अपार
जपु मैं नाम तेरा ......
खाटू वाले श्याम निराले करदे नैया पार
जपु मैं नाम तेरा ......

लक्ष्मी वर्धन खाटू वाले तेरा ही आह्वान करे
तेरे चरणों में बैठ के रुपेश तेरा ही गुणगान करे
संकटहारी मंगलकारी तुम मेरी सरकार
जपु मैं नाम तेरा ......
खाटू वाले श्याम निराले करदे नैया पार
जपु मैं नाम तेरा ......

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-by-rupesh-tyagi/